नगर निगम, शाहजहाँपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 02.07.2021

वृक्ष धरा का भूषण–दूर करें प्रदूषण

ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- मा0 वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र0 सरकार श्री सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा दिनांक 03.07.2021 को ककरा कलां में बने अंत्येष्टि स्थल पर मियांवाकी तकनीक पर आधारित बन रहें सिटी फॉरेस्ट में किया जायेगा वृहद् वृक्षारोपण।

- शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 02.07.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया विशेष सफाई अभियान।

- शासन के निर्देश पर नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा एवं नगर निगम के अधिकारियों द्वारा गोद लिये गये नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का आज दिनांक 02.07.2021 को किया गया निरीक्षण।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 02.07.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

1. मा0 वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र0 सरकार श्री सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा दिनांक 03.07.2021 को ककरा कलां में बने अंत्येष्टि स्थल पर मियांवाकी तकनीक पर आधारित बन रहें सिटी फॉरेस्ट में वृहद् वृक्षारोपण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसके दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 02.07.2021 को सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा ककरा कलां में बने अंत्येष्टि स्थल पर बन रहें सिटी फॉरेस्ट में की जा रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पाया गया गया कि निरीक्षण स्थल पर वृक्षारोपण हेतु गड्डे खोदने का कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा दिनांक 03.07.2021 को होने वाले वृहद् वृक्षारोपण हेतु संबधित को विशेष आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

2. शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 02.07.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर नगर में आमजन को विभिन्न प्रकर की बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा नगर क्षेत्र में संचारी रोग नियत्रंण अभियान चलाया जा रहा है, जिससे नगर में सफाई व्यवस्था और अधिक बेहतर व नगर को एक अच्छा वातावरण मिल सकें। साथ ही नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु एवं नगर में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ किये जाने हेतु नगर निगम से सहायक नगर आयुक्त एवं अवर अभियंताओ व समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/सहायक नोडल अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने, सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि इस अभियान के अन्तर्गत होने वाले किसी भी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जायें। दिये गये निर्देशों के अनुपालन में समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विशेष सफाई अभियान, सेनेटाइजेशन का कार्य, एण्टीलार्वा का छिड़काव एवं फागिंग का कार्य कराया गया। माइक्रो प्लान के अन्तर्गत आज दिनांक 02.07.2021 को नगर क्षेत्र के सफाई जोन–01 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार की देखरेख में लोधीपुर, सफाई जोन–02 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित की देखरेख में मक्कू बजरिया एवं ककरा कला में बने शमशानघाट, सफाई जोन–03 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल की देखरेख में खलीलशर्की, सफाई जोन–04 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर की देखरेख में रंगमहला एवं सफाई जोन–05 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देखरेख में सरायकाईयां में विशेष सफाई अभियान के साथ–साथ सेनेटाइजेशन व एण्टरलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य किया गया।

इसके अतिरिक्त इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्मत एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु सहायक अभियंता (जल) को निर्देश दिये गये है। साथ ही सामुदायिक शौचालय, पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई व्यवस्था एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु, खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत रोस्टर के अनुसार कल दिनांक 03.07.2021 को हाथीथान, मामूड़ी, गौहरपुरा, किला, ख्वाजा फिरोज में सफाई का कार्य, सेनेटाइजेशन एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य कराया जायेगा।

3. शासन के निर्देश पर नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा एवं नगर निगम के अधिकारियों द्वारा गोद लिये गये नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आमजन को कोविड–19 के महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु लगाये जा टीकाकरण संबधी कार्यो का आज दिनांक 02.07.2021 को निरीक्षण किया गया। शासन की गाइडलाइन के अनुसार नगर निगम, क्षेत्र में बने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोविड–19 महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु आमजन के कोविड–19 का टीकाकरण लगाये जाने हेतु कार्य किया जा रहा है। जिनकी देखभाल के लिये शासन के निर्देश पर नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा लोधीपुर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह द्वारा नगर में स्थित एमनजई जलालनगर में बने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा नगर क्षेत्र में स्थित बाडुजई प्रथम में बने नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा नगर क्षेत्र के तारीन जलालनगर (पुलिस लाइन) में बने नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र एवं मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान द्वारा नगर क्षेत्र के सराय काईयां में बने नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र को गोद लिया गया है। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा गोद लिये गये नगर क्षेत्र के लोधीपुर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का आज दिनांक 02.07.2021 को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु लगाये जा रहें टीकाकरण से संबन्धित किये जा रहें कार्यो की जानकारी प्राप्त की गई व सफाई व्यवस्था को भी देखा गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु टीकाकरण से संबन्धित किये जा रहें कार्यो हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु आमजन से कोविड–19 वैक्सीनेशन कराये जाने की अपील की गई। इसी क्रम में अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह द्वारा गोद लिये गये नगर क्षेत्र के नगर में स्थित एमनजई जलालनगर में बने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त द्वारा कोविड–19 वैक्सीनेशन संबधी किये जा रहें कार्यो की जानकारी प्राप्त की गई व अपर नगर आयुक्त द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत कर्मचारियों एवं आमजन से कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु फेस मास्क का उपयोग अवश्य करने व एक–दूसरें से 02 गज की दूरी बनाये रखने की अपील की गई। निरीक्षण के समय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार उपस्थित रहें। सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा नगर क्षेत्र के तारीन जलालनगर (पुलिस लाइन) में बने नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र पर कोविड–19 टीकाकरण से संबधित किये जा रहें कार्यो का निरीक्षण किया गया।

4. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 02.07.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, आफीसर्स कालोनी, लोधीपुर, आवास विकास कॉलोनी में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा कटिया टोला व आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा कच्चा कटरा, सिंजई, आनन्दपुरम कॉलोनी, मदराखेल, वर्कजई, बिजलीपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा जिला अस्पताल, अजीजगंज रैन बसेरा, गॉधी पार्क, मोक्षधाम, अजीजगंज, रंगमहला एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा दलेलगंज, सराय काईयां, गड़ी गाड़ीपुरा में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 5356 स्थलों एवं 600 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।